तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 24 अप्रैल 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
हर दूसरे दिन लग रही आग, बुझाने दौड़ पड़ती है फायर ब्रिगेड की टीम



छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# पांच किलो निःशुल्क चावल योजना, पीडीएस दुकानों से गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

गरीब अंत्योदय परिवारों के लिए पांच किलो निःशुल्क चावल प्रति कार्ड देने वाली पीएम गरीब कल्याण योजना पीडीएस दुकानों से गायब नजर आ रही है। यहां नियमित बीपीएल और एपीएल हितग्राहियों को उनके कोटे का राशन मिल नहीं रहा है। निःशुल्क चावल मिलना तो दूर की बात हो गई है। अधिकांश हितग्राही यह मान कर चल रहे हैं कि योजना बंद हो गई है।

महामारी कोरोना के दौरान गरीब बेसहारा परिवारों के लिए पांच किलो निःशुल्क चावल देने की योजना शुरु की गई थी। तब से यह योजना केंद्र सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष आगे बढ़ाई जा रही है किंतु आम गरीब बेसहारा परिवार जो इस योजना के दायरे में आते हैं वह इनसे वंचित हो रहे हैं। जानकार लोगो को तो यह मालूम है कि पांच किलो निःशुल्क चावल देने की योजना वर्तमान में चाल रही है लेकिन आम बीपीएल हितग्राहियों को पीडीएस दुकानदार यही जवाब देते हैं कि योजना का चावल नहीं आ रहा है। जवाब सुनकर योजना के हितग्राही नगद राशि से ही मिलने वाले खाद्यान्न उठाने मजबूर हो रहे हैं। जबकि विभाग के रिकार्ड में आबंटित हो रहा है।

## गरीब अंत्योदय परिवारों के लिए की गई है लागू

**खास बातें**

- नहीं मिल रहा है हितग्राहियों को उनके कोटे का राशन
- आम लोगों को नहीं है योजना की जानकारी




### दुकानों में चल रहा भौतिक सत्यापन

पीडीएस दुकानों में इस समय खाद्यान्न आबंटन और आबंटित सामग्री तथा वितरण का पूरा डाटा कलेक्ट किया जा रहा है। इसके लिए खाद्य विभाग के द्वारा शहरी और ग्रामीण अंचल के पीडीएस दुकान में भौतिक सत्यापन कार्य शुरु किया जा रहा है। इस दौरान दुकानों का आबंटित खाद्य सामग्री व राशनकार्ड की संख्या और प्रतिमाह वितरण की जाने वाली खाद्यान्न सामग्री के रिकार्ड को खंगाला जा रहा है। इस सत्यापन कार्यवाही से कई राशनकार्ड में सदस्य भी हटा दिए जा रहे हैं। इसकी शिकायत हितग्राहियों ने खाद्य विभाग से की है।

### पांच लाख से अधिक हैं जिले में राशनकार्डधारी

जिले में एपीएल, बीपीएल और अंत्योदय योजना अंतर्गत बनाए गए राशनकार्ड की संख्या 5 लाख से अधिक पहुंच गई है। इसमें 3 लाख बीपीएल परिवार हैं वहीं 32 परिवार ऐसे सामने आए हैं जिन्हें पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत 5 किलो चावल निःशुल्क दिया जाता है। जिसका आबंटन एपीएल और बीपीएल हितग्राहियों के खाद्यान्न के साथ ही आबंटित किया जाता है किंतु उन्हें मिलता नहीं है। जबकि विभाग की मानें तो आबंटन हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### डीएव्ही स्कूल में केजी-1 में प्रवेश के लिए आवेदन 10 मई तक

कोरबा। जिले में संचालित 5 डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बडमार, जेंजरा, खरमोरा, सैला, डोगरतराई में केजी 1 में शिक्षा के अधिकार के तहत एवं शासकीय कोटा के रिक्त सीट में प्रवेश दिया जा रहा है। इस हेतु आवेदन संबंधित डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में 10 मई तक जमा कर सकते हैं। शिक्षा के अधिकार के तहत गरीबी रेखा तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं पात्र होंगे एवं शासन कोटा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, निःशक्तजन, निर्धन वर्ग, परित्यक्ता, मातृ-पितृ हीन के छात्र/छात्रा आवेदन के पात्र है। शासकीय कोटा एवं शिक्षा के अधिकार के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई शाम 5 बजे तक हैं। आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी संबंधित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल से प्राप्त किया जा सकता है।

### जिले में पोषण पखवाड़ा 2025 का हुआ समापन

कोरबा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज जिले में पोषण पखवाड़ा 2025 का समापन समारोह मनाया गया। पोषण पखवाड़ा 2025 मुख्य रूप से 4 थीम पर केन्द्रित रही। जिसमें जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर विशेष ध्यान, पोषण ट्रैकर में उपलब्ध बेनिफिशरी मॉडयूल का व्यापक प्रचार-प्रसार, सी-सेम माडयूल का प्रबंधन व बच्चों में मोटापे के समस्या को रोकने के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली के संबंध में जागरूकता शामिल है। गौरतलब है कि व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन व पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कडी में जिला एवं परियोजना स्तर पर पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों की समीक्षा एवं समापन समारोह आयोजित किए गए। ग्राम पंचायत नगर निकाय की बैठकों में भी अपने क्षेत्र की पोषण स्थिति का आंकलन एवं कुपोषण मुक्ति हेतु नियोजन संबंधित चर्चा भी की गई।

### लेखापाल के रिक्त संविदा पद पर भर्ती हेतु आवेदन 30

कोरबा। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में लेखापाल के स्वीकृत 1 रिक्त पद की पूर्ति किया जाना है। पंचायत संचालनालय अंतर्गत लेखापाल के एक रिक्त संविदा पद पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2021 एवं पंचायत संचालनालय छग विकास भवन अटल नगर रायपुर द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान हेतु जारी मार्गदर्शिका में विहित प्रावधान अनुसार निर्धारित सेवा शर्तों, अर्हता एवं योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से लेखापाल के एक रिक्त संविदा पद हेतु 30 अप्रैल शाम 5 बजे तक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के नाम पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से अथवा ई-मेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जाएंगे। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेचुलभांठा में जमकर हुआ हंगामा

# अवैध शराब पकड़ने गई पुलिस टीम को ग्रामीणों ने घेरा, अफसरों की समझाइश के बाद टीम लौटी वापस




कार्यवाही करने पहुंची पुलिस को घेरे हुए ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- आधा दर्जन थानेदार व पुलिस लाइन से पहुंची थी बल

एक गांव में अवैध शराब मिलने की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक पुलिस टीम सुबह गांव जा पहुंची थी जहां एक युवक के कब्जे से शराब बरामद किया और पुलिस उसे थाने ले जा रही थी। इस बीच पुलिस की कार्रवाई पर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया और ग्रामीणों ने गांव के बीच पुलिस की टीम को ही घेर लिया। फिर क्या था जिला मुख्यालय तक जैसे ही इसकी सूचना पहुंची। बड़ी संख्या में कई थानेदार व पुलिस लाइन से बल को भेजा गया और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी जिसके बाद पुलिस टीम को मौके से छुड़ाकर वापस लाया गया।

सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम बेचुलभाटा में अवैध तरीके से शराब बनाने और बेचने की सूचना पुलिस के अफसरों को मिली थी। कोरबा नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के नेतृत्व में एक पुलिस टीम बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे ग्राम बेचुलभांठा पहुंची थी। जहां पुलिस की टीम ने गांव में निवासरत मनोज उरांव के घर छापामार कार्रवाई कर ग्रामीण के घर की तलाशी ली। जहां मनोज उरांव के कब्जे से चार लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर मनोज उरांव को गिरफ्तार कर थाने ले जा रही थी। इसी बीच 4 महिलाएं भी पुलिस के वाहन में बैठ गई और साथ ले जाने की जिद करने लगी। इस बीच ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और कार्यवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ी के आगे पीछे सड़क पर ही घेरकर बैठ गए और जमकर हंगामा करने लगे और मनोज उरांव को छोड़ने की मांग करने लगे। ग्रामीणों के इस आक्रोश के बीच घिरे पुलिस टीम ने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस के आला अधिकारियों को दी गई। फिर क्या था पुलिस अफसरों के निर्देश पर जिले के सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डडसेना, नगर कोतवाल मोती पटेल, उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी, बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह, कुसमुण्डा थाना प्रभारी रुपक शर्मा सहित पुलिस लाइन से बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ आबकारी की टीम ग्राम बेचुलभांठा पहुंची और पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश देकर किसी तरह मामले को शांत कराया गया। इस बीच लगभग डेढ़ घंटे के बाद पुलिस टीम वहां से वापस लौटी।

### जमानत मुचलका पर छोड़ा गया

ग्राम बेचुलभांठा में निवासरत मनोज उरांव के कब्जे से 4 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है जिसके खिलाफ 34 (1) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। कार्यवाही को लेकर ग्रामीणों ने गांव में विरोध किया था। ग्रामीणों को समझाइश दी गई और मनोज उरांव को जमानत मुचलके पर छोड़ा गया जिसके बाद मामला शांत हुआ।

**-भूषण एक्का,** नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

# सी केयर्स पोर्टल को प्रभावी बनाने पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- पीएफ पेंशन मामलों के त्वरित निपटान के लिए हुई बैठक

एसईसीएल के निदेशक (एचआर) बिरंची दास ने कंपनी मुख्यालय, बिलासपुर में पीएफ पेंशन से संबंधित मामलों के शीघ्र एवं सुगम निपटान के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण बैठकें की। पहली बैठक में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सीडेक) तथा सीएमपीएफओ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए श्री दास ने सी केयरर्स पोर्टल के माध्यम से पीएफ पेंशन मामलों का न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए।

एसईसीएल के निदेशक (एचआर) बिरंची दास ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए। बैठक में सी केयर्स पोर्टल के तकनीकी एवं प्रायोगिक पहलुओं की समीक्षा की गई तथा उसमें सुधार के लिए आवश्यक सुझाव साझा किए गए। पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया ताकि यह और अधिक सुलभ, भरोसेमंद व परिणामकारी बन सके। दूसरी बैठक में श्री दास ने सीएमपीएफओ बिलासपुर एवं जबलपुर के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए सीएमपीएफ नंबर अलॉटमेंट, पेंशन पेमेंट ऑर्डर एवं संशोधित पीपीओ जारी करने की प्रक्रियाओं में बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विधवा पेंशन, पुराने लंबित पीएफ प्रकरण, संशोधित पीपीओ, तथा एनसीडब्ल्यूए-11 के लागू होने के पश्चात पेंशन पुनरीक्षण से जुड़े मुद्दों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। श्री दास ने कहा कि पेंशन लाभार्थियों को इन प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करना भी उतना ही आवश्यक है। जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए समय पर लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में हरी पचौरी, रीजनल कमिश्नर 1, एनईडीपीसी, सीएमपीएफ़ओ हैदराबाद; मोहित वेद, जॉइंट डायरेक्टर, सीडेक बैंगलोर जेएस राय, रीजनल कमिश्नर 1, सीएमपीएफ़ओ बिलासपुर पीके जैन, रीजनल कमिश्नर 2, सीएमपीएफ़ओ जबलपुर सहित एसईसीएल के संचालन क्षेत्रों के एचआर अधिकारियों एवं मुख्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोटवार की जमीन को निजी जमीन बताकर बेचा, तीन के विरुद्ध जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बैंकुठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अमका निवासी मोहनलाल उम्र 34 वर्ष पिता शंभूप्रसाद साहू ने कोरबी चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रेमनगर निवासी विजय कुमार साहू, शिक्षक भूपेन्द्र कुमार एवं विरेन्द्र कुमार पिता बनवारीलाल साहू ग्राम प्रेमनगर तहसील प्रेमनगर जिला सूरजपुर के लोगो ने पटवारी से मिलीभगत करके जमीन का चौहदी बनवाकर ग्राम कोठीखर्रा तहसील पोडी उपरोडा का जमीन खसरा नंबर 177 रकबा 0.37 हेक्टेयर जमीन 6 अप्रैल 2022 को रजिस्ट्री करा दिये एवं 5 लाख 50 हजार रुपए का चेक लेकर पैसा आहरण कर लिये रजिस्ट्री के बाद मोहनलाल नामांतरण के लिये तहसील पोडी उपरोडा में आवेदन किया तो तहसीलदार ने उक्त जमीन को कोटवारी जमीन (ग्राम नौकर) का बताया। यह जमीन नामांतरण नही होगा यह आदेश किये। तब मोहनलाल ने विजय कुमार साहू, विरेन्द्र कुमार साहू, भूपेन्द्र साहू से बात किया कि उन्होंने मोहनलाल के साथ धोखाधडी करके जमीन रजिस्ट्री कराये हैं, यह जमीन कोटवारी भूमि है। मोहनलाल का पैसा कर दे तो विजय कुमार साहू ने एक माह का समय मांगा लेकिन मोहनलाल का पैसा वापस करने से लगातार टाल मटोल किया जाता रहा। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने विजय कुमार साहू, विरेन्द्र कुमार साहू एवं भूपेन्द्र कुमार के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# मोटर सायकल की लूटपाट के मामले में नाबालिग सहित 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त मोटर सायकल।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत विकास कुमार झा ने थाने में 15 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 अप्रैल की रात्रि लगभग 10:30 बजे जब विकास एनटीपीसी प्लांट के मेस से खाना खाकर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 19 एमजे 7613 से अपने गेस्ट हाउस (साडा कॉलोनी) जा रहा था। तभी के.सी. जैन मार्ग केन्दईखार के पास अज्ञात व्यक्तियों ने विकास पर डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया तथा उसके पास से ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन एवं मोटरसाइकिल को जबरन छीनकर फरार हो गए। प्रार्थी विकास की रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन कर रही थी। जांच में यह पाया गया कि विकास कुमार झा जब साडा कॉलोनी लौट रहा था तब दो मोटरसाइकिलों पर सवार 5 आरोपियों राजा बाबू पोर्ते, कन्हैया यादव, संदीप दिवाकर, प्रिंस पोर्ते और एक विधि से संघर्षरत बालक ने विकास को रोककर लाठी से प्रहार किया और डरा-धमका कर उसकी मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन जबरन छीन लिए। मुखबिर की सूचना के आधार पर प्रगतिनगर दर्री में आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दी गई, जिसमें 4 आरोपियों एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा ⏭ शेष पेज 3 पर

### लिखित सहमति के बाद भू-विस्थापितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की निंदा

# भू विस्थापितों ने कोयला अधिकारियों का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला खदान में भूविस्थापितों के आंदोलन के दौरान कुसमुंडा प्रबंधन द्वारा लिखित समझौता करने के बावजूद आंदोलनकारी भूविस्थापित नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से आक्रोशित भूविस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में एसईसीएल कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय के सामने सीएमडी और कुसमुंडा जीएम का पुतला फूंका और अपना विरोध जताया।

छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू-विस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में भूविस्थापितों ने बुधवार को एसईसीएल कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने एसईसीएल के सीएमडी और कुसमुंडा जीएम का पुतला फूंका। दरअसल यह कार्यवाही मंगलवार की घटना से जुड़ी है। मंगलवार को किसान सभा और भू-विस्थापित संघ के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने कुसमुंडा खदान में घंटों तक कोयला परिवहन रोक दिया था। देर शाम प्रबंधन के साथ सहमति बनने के बाद हड़ताल समाप्त हुई थी। प्रबंधन ने कुछ भू-विस्थापितों के लंबित रोजगार मामलों को हल करने की सहमति भी दी थी। इसके बावजूद प्रबंधन ने 13 लोगों पर एफआईआर दर्ज करवा दी। भूविस्थापितों ने प्रशांत झा सहित 13 भूविस्थापितों के खिलाफ एसईसीएल प्रबंधन द्वारा एफआईआर दर्ज करने की तीखी निंदा की है और कहा है कि आंदोलनकारी रोजगार और पुनर्वास से जुड़े अपने अधिकारों के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे और दमन की किसी भी कार्यवाही से डरने वाले नहीं है। इसके पहले भी वे लाठी और जेल का सामना कर चुके हैं। मंगलवार को भूविस्थापितों के हड़ताल से कोयला उत्खनन व डिस्पैच कार्य बाधित हो गया था। जिसकी वजह से कुसमुंडा प्रबंधन को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा। हालांकि देर शाम एसईसीएल प्रबंधन के साथ बनी सहमति के बाद यह हड़ताल समाप्त हुआ था। प्रबंधन ने कुछ भू-विस्थापितों के लंबित रोजगार प्रकरणों को समाधान के लिए अपनी स्वीकृति भी दी है और अन्य प्रकरणों के लिए 10 दिवस में उच्च स्तरीय वार्ता का आयोजन करने की लिखित सहमति दी है। बावजूद इसके प्रबंधन ने 13 भूविस्थापितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुतला दहन में कुसमुंडा खदान से प्रभावित रेशम यादव, दामोदर श्याम, जय कौशिक, उत्तम दास, राजकुमार, फिरत, दीनानाथ, अनिल, सुमेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में भूविस्थापित उपस्थित थे।




पुतला दहन करते भूविस्थापित।

### बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत, जुर्म दर्ज

कोरबा। चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेंद्रीपाली निवासी कमलेश मरकाम उम्र 35 वर्ष पिता स्व इंदाराम मरकाम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खेती किसानी मजदूरी का काम करता है। कमलेश की मां मथन कुंवर 22 अप्रैल की दोपहर लगभग 3 बजे चटुवाभवना रिस्तेदारी में जा रहूं कहकर घर से पैदल निकली थी, जो शाम तक चटुवाभवना नही पहुंची तब कमलेश के द्वारा अपनी मां की आसपास पता तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। 23 अप्रैल की सुबह लगभग 8 बजे सेन्द्रीपाली का बेचू सिंह श्याम ने कमलेश को बताया कि उसकी मां मथन कुंवर का माखनपुर के पास नेशनल हाईवे 130 में एक्सीडेंट हो गया है, मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक सीजी 12 बीएल 5343 के चालक ने अपनी वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया है।

23 korba-pg2_Layout 1 4/24/2025 12:09 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### बलौदा समपार रेल लाइन बंद आज

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के जांजगीर नैला-अकलतरा स्टेशन के बीच मानव सहित समपार बलौदा फाटक में 24 अप्रैल गुरुवार से 28 अप्रैल सोमवार तक रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रेल लाइन मरम्मत कार्य करने का निर्णय लिया है। इस कार्य के दौरान सड़क मार्ग से यातायात करने वालों की विशेष सुविधा हेतु कार्य को रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किया जाएगा। यह फाटक उपरोक्त तिथि में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक यातायात के लिए बंद रहेगा।

### स्टेशन में शुरु की जाएगी ई-केटरिंग की सुविधा

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने बिलासपुर मंडल के आठ प्रमुख स्टेशन पेण्ड्रारोड, चांपा, रायगढ़, उसलापुर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, अंबिकापुर पर ई-केटरिंग सेवा के माध्यम से खानपान की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की योजना बनाई है। इस सेवा के तहत यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट के माध्यम से सफर के दौरान अपने पसंद का भोजन अग्रिम रूप से बुक कर सकते हैं, जो संबंधित स्टेशन पर उन्हें उनकी बर्थ पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह सेवा यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ एवं समय पर भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### आठ फेरा लगाएगी बिलासपुर काचीगुड़ा समर स्पेशल



**बिलासपुर।** आठ फेरे के लिए बिलासपुर से काचीगुड़ा के बीच समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 08263 बिलासपुर-काचीगुड़ा साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 12, 19, 26 मई व 2 जून को चार फेरे के लिए प्रत्येक सोमवार को और गाड़ी संख्या 08264 काचीगुड़ा-बिलासपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन काचीगुड़ा 13, 20, 27 मई व 3 जून को चार फेरे के लिए प्रति मंगलवार को चलेगी। इस ट्रेन का स्टापेज बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया एवं वडसा स्टेशन पर दिया जाएगा।

### चापड़ दिखाकर होटल में तोड़फोड़, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर दो युवकों ने चापड़ दिखकर दहशतगर्दी मचाते हुए होटल में जमकर तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने चापड़ सहित दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। हिर्री टीआई अवनीश पासवान ने बताया, हिर्री निवासी प्रकाश साहू पिता घनश्याम साहू की बिल्हा मोड़ पर होटल है। 22 अप्रैल को रात 11 बजे वे होटल बंद करने जा रहे थे। इसी दौरान रोशन विश्वकर्मा, राजेश्वर निषाद अपने बाइक से आए और अपने पास रखे चापड़ को लहराते हुए शराब के लिए पैसे की मांग की। मना करने पर उनके साथ गाली गलौज कर होटल में घूसकर कुर्सी, कूलर में तोड़फोड़ कर दी। श्री साहू ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पतासाजी कर हमलावर रोशन विश्वकर्मा पिता जीवन लाल विश्वकर्मा 21 साल हिर्री, राजेश्वर निषाद पिता रामजी निषाद 20 साल रिस्दा मस्तूरी निवासी को पकड़कर चापड़ बरामद कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 308, 4, 324, 2, 3, 5 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।





### नर्मदानगर चौक पर ट्रैफिकजाम तेज धूप में हालाकान हो रहे लोग

**बिलासपुर।** ट्रैफिक सिग्नल लाइट बंद होने, किसी पुलिसकर्मी के नहीं होने के कारण हर रोज 11 बजे के बाद नर्मदा नगर चौक पर ट्रैफिकजाम हो रहा है। जिससे चारों ओर वाहनों की कतार लग रही है और तेज धूप में जाम में फंसकर लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है। पूर्व में नर्मदा नगर चौक में अस्थाई बस स्टैण्ड बनाया गया था। उसके बाद से चौक में स्थाई बस स्टैण्ड बन गया है। सुबह से शाम तक चौक पर गौरवपथ मार्ग व मुंगेली कोटा की ओर से यात्री बस आती रहती हैं, यात्री बस के आने पर आटो वाले रांग साइड गाड़ी घुसाकर आटो खड़े कर देते हैं। रांग साइड में आटो वालों के घुसने से नर्मदा नगर चौक पर ट्रैफिक जाम हो जाता है। बुधवार की सुबह 11 बजे रांग साइड से आटो वालों के घुसने पर चौक पर ट्रैफिकजाम हो गया और चारों ओर वाहनों की कतार लग गई। तेज धूप में लोग जाम में फंसकर हलाकान होते रहे। आलम यह था कि ट्रैफिक व्यवस्थित करने ट्रैफिक के जवान दूर दूर तक नजर नहीं आ रहे थे।

#### मिशन स्कूल के सामने और हनुमान मंदिर के पास से हटाया गया अतिक्रमण

# बृहस्पति बाजार में कार्रवाई, निगम अमले से उलझे फल ठेले वाले, सीढ़ी तोड़ी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक बार फिर बृहस्पति बाजार के बाहर सब्जी व फल दुकान लगाने वालों के साथ ही जेल लाइन रोड पर फल ठेला लगाने वालों पर कार्रवाई की गाज गिरी है। इस दौरान टीम ने साफ किया कि अब इस मार्ग पर सड़क पर दुकान नहीं लगना चाहिए, इसकी वजह से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, ऐसे में आने वाले दिनों में भी कार्रवाई होते रहेंगी। इस दौरान ठेले वालों से जमकर विवाद हुआ।

राजीव गांधी चौक में भी सड़क पर लगाए गए ठेले गुमटी वालों से निगम कर्मियों की झूमाझटकी हुई।अतिक्रमण विरोधी दस्ता कार्रवाई तो कर रहा है, लेकिन कुछ स्थाई फल दुकानदारों को निगम अभयदान देते आ रहीहै। मिशन स्कूल काम्पलेक्स और उसके सामने बृहस्पति बाजार के काम्पलेक्स की दुकान में स्थाई फल वाले है, लेकिन इन्होंने पार्किंग पर कब्जा कर अपना दुकान सजा रखा है। जबकि यहां से कब्जा हटा लिया लिया जाए तो बहुत हद तक यातायात व्यवस्था सही हो सकता है। शहर की समस्याग्रस्त सड़कों में बृहस्पति बाजार वाली रोड भी शामिल है। इस बाजार में चारों दिशाओं की सड़क आकर मिलती है। इससे वहां ट्रैफिक का दबाव भी ज्यादा है। इसके अलावा शहर का प्रमुख सब्जी बाजार होने के कारण खरीदारों की भीड़ भी यहां सुबह से देर रात तक लगी रहती है। इस भीड़ के बीच फल विक्रेताओं द्वारा सड़क पर ही ठेला लगा लेने के कारण यहां गाड़ियों को आवाजाही के लिए कम जगह मिल पाती है। इसे देखते हुए नगर निगम हर बार कार्रवाई करता है लेकिन ठेले वाले मानते ही नहीं है।



बुधवार को बृहस्पतिबाजार से हटाया गया अतिक्रमण।

### राजीव गांधी चौक में चला अभियान

इसके साथ ही राजीव गांधी चौक में भी कार्रवाई की गई। अतिक्रमण शाखा जोन 3 और ट्रैफिक पुलिस महाराणा प्रताप चौक तक ठेले वालों को हटाया गया। व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए नेहरू चौक से राजीव गांधी चौक, सिम्स, मंगला नाका, महाराणा प्रताप चौक के आसपास सड़क के किनारे लगी दुकानें हटाईं गईं। सड़कों पर बिल्डिंग मटेरियल रखने वालों को चेतावनी देते हुए सामानों की जब्ती की गई है। दिन भर चले निगम के अभियान के दौरान दुकानों का सामान, बोर्ड, कुर्सी टेबल, नुमाइशी पुतले, ठेले आदि जब्त किए गए।

### सुजूकी शो रूम पर कार्रवाई



राजीव गांधी चौक के पास ओव्हरब्रिज के नीचे सड़क पर टेंट लगाकर बाइक का प्रचार-प्रसार कर रहे शो रूम के खिलाफ नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए 3 नई बाइक और 2 रेलिंग को जब्त किया गया है,वहीं लगाए गए टेंट को हटाया गया है। निगम के मुताबिक राजीव गांधी चौक के पास ओव्हरब्रिज के नीचे सड़क में टेंट लगाकर वरून सुजूकी शो रूम द्वारा बाइक की प्रदर्शनी लगाई गई थी। बाइक एजेंसी संचालक को सड़क पर प्रदर्शनी नहीं लगाने की समझाइश देते हुए हटाने के निर्देश दिए गए थे,जिसके बाद भी एजेंसी द्वारा निर्देश को नजरअंदाज किया जा रहा था। जिसके बाद आज नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए कार्रवाई की गई।

### बिल्डर्स पर लगा 50 हजार का जुर्माना

नगर निगम ने एक बिल्डर्स पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। बिल्डर्स द्वारा बिना नगर निगम से अनुमति लिए ही शहर के बिजली और स्ट्रीट लाइट के खंभों के साथ ही अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अपने एजेंसी द्वारा बिल्डर्स का विज्ञापन किया जा रहा था। बिल्डर द्वारा होर्डिंग्स, बैनर,पोस्टर के माध्यम से अपने कंपनी का प्रचार प्रसार किया जा रहा था। कंपनी द्वारा बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स बनवाकर खंभों, सार्वजनिक स्थलों के साथ सरकारी संपत्तियों का उपयोग विज्ञापन के लिए जा रहा था। जबकि विज्ञापन करने के लिए नगर निगम से अनुमति लेनी पड़ती है और निर्धारित शुल्क पटाना रहता है। बिल्डर्स बिना शुल्क पटाए ही विज्ञापन कर रहा है। ऐसे में बिल्डर्स को 50 हजार का जुर्माना लगाया गया,जिसके बाद बिल्डर्स द्वारा जुर्माने का भुगतान कर दिया गया है।

### बाइक एजेंसी पर कार्रवाई



तिफरा ओवर ब्रिज के नीचे और राजीव गांधी चौक के पास बाइक एजेंसी द्वारा वाहनों के विक्रय के लिए सड़क पर टेंट लगाकर अपने एजेंसी के नए मॉडल की नई बाइक का प्रदर्शन किया जा रहा था। जिससे आवागमन बाधित हो रही थी। बाइक एजेंसी मालिक को नियमित रूप से कई बार मुख्य सड़क पर विक्रय करने वाहन की प्रदर्शनी नहीं लगाने एवं सड़क पर आवागमन बाधित न करने हितायद एवं समझाइश देने के बावजूद वह अपनी आदत से बाज नहीं आ रहा था। इस पर बुधवार की दोपहर यातायात पुलिस द्वारा सड़क पर फैले समानों को नगर निगम का वाहन बुलाकर जब्त कर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान एजेंसी के टेंट सामग्री, वाहन, वाहन रेम्प एवं अन्य कई सामग्री की जब्ती बनाई गई।

## प्रदेश में बिलासपुर फिर सबसे गर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में बुधवार को भी बिलासपुर शहर को सबसे गर्म शहर के रूप में रिकार्ड किया गया है गर्मी में भीषण बढ़ोतरी थमने का नाम नहीं ले रही है। अधिकतम तापमान में 43.8 तक की बढ़त हो चुकी है। शहरवासी दिन में बाहर निकलने से पूरी तरह बचने लगे हैं, वहीं शहर के बाजारों में देर रात तक चहल-पहल देखी जा सकती है।

भीषण गर्मी का सिलसिला शहर में बुधवार को भी जारी रहा। इतना ही नहीं, बल्कि गर्मी के मामले में बिलासपुर ने प्रदेश के सभी जिलों को पीछे छोड़ दिया है। 43.8 डिग्री के साथ शहर पहले नंबर पर है।



**43.8 पर पहुंचा अधिकतम तापमान**

तापमान में बढ़ोतरी जारी

### अज्ञात वाहन की टक्कर से 5 घायल

**बिलासपुर।** कोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव पौंसरा में अज्ञात वाहन चालक ने सड़क पर चल रहे पांच लोगों को टक्कर मार दी, हादसे में 3 लोगों को गंभीर चोट आई है। वहीं 1 व्यक्ति का पैर टूट गया है। राहगीरों ने 108 वाहन को सूचना देकर सभी घायलों को सिम्स में भर्ती किया गया। जहां दो घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पौंसरा गांव में बुधवार की शाम अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाया, चालक ने सड़क पर चल रहे 5 लोगों को रौंद दिया, इससे हड़कंप मच गया। हादसे में 3 लोगों को गंभीर चोटें आईं। इनका इलाज सिम्स अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि घायलों में गतोरी कोनी निवासी विजय सिंह, पौंसरा निवासी सत्यम,राजू ,ऋषभ और अन्य लोग शामिल हैं। घटना की रिपोर्ट कोनी थाने में दर्ज नहीं की गई है । घायलों को आसपास के लोगों ने सीधे 108 वाहन को कॉल कर सिम्स रवाना कर दिया है। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

## तीन माह में हटा दिया गया उसलापुर का पार्किंग ठेकेदार

**बिलासपुर।** उसलापुर रेलवे स्टेशन में पार्किंग का संचालन करने वाले ठेकेदार की लगातार ओवरचार्जिंग की शिकायत रेल अफसरों को मिल रही थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बिलासपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम अनुराग कुमार सिंह ने ठेकेदार से पार्किंग का ठेका वापस ले लिया है।

पिछले एक साल से बिलासपुर डिवीजन के उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन में अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन डेवलपमेंट का काम चल रहा है। इसकी वजह से स्टेशन के बाहर और अंदर में चल रहे कार्यों की वजह से यात्रियों को काफी दिक्कतें भी हो रही हैं। इस कार्य के कारण स्टेशन के बाहर की पार्किंग व्यवस्था भी चरमरा गई है, जिसके कारण यात्री अपने वाहन को पार्किंग के साथ इधर-उधर खड़ी करते हैं। बिलासपुर स्टेशन के साथ ही उसलापुर रेलवे स्टेशन में कार और बाइक पार्किंग का ठेका निजी व्यक्तियों को दिया गया है। इन ठेकेदारों के कर्मचारी अतिरिक्त कमाई करने के लिए यात्रियों से बदतमीजी करने के साथ ओवरचार्जिंग भी करते हैं, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी होती है। तीन माह पहले भी ओवरचार्जिंग और यात्रियों से बदसलूकी करने की शिकायत पर बिलासपुर डिवीजन कामर्शियल विभाग ने 1 दिसम्बर 2024 को उसलापुर स्टेशन के तत्कालीन पार्किंग ठेकेदार के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की थी।

- ओवरचार्जिंग की शिकायत, सीनियर डीसीएम ने की कार्रवाई

### छेड़खानी व लूट के मामले में फरार युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ढाबा में युवती से छेड़खानी कर मारपीट व लूट के मामले में फरार युवक को पुलिस ने 6 माह बाद गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, अक्टूबर 2024 में खाना खाने काली ढाबा गए युवतियों से युवकों के द्वारा छेड़खानी की गई। विरोध करने पर उनके साथ गए युवकों के साथ मारपीट की गई थी, उसके बाद एक अन्य युवक के साथ मारपीट कर लूटपाट की गई थी। उक्त मामले में फरार क्रांति नगर निवासी दीपक सलूजा पिता सुनील सलूजा 20 साल को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके पूर्व राजकिशोर नगर देविका विहार कालोनी निवासी अंकित सिंह ठाकुर पिता अजय सिंह ठाकुर 23 साल को गिरफ्तार किया गया था।

### वीसीपी चयन, आवेदन की अंतिम तिथि आज

**बिलासपुर।** उप संचालक कृषि विभाग द्वारा नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयलसीड्स योजना के अंतर्गत वीसीपी चयन के लिए 24 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित है। योजना के अंतर्गत जिले में कार्यरत एफपीओ एवं बीज सहकारी समिति योजना का लाभ उठाने के लिए अर्हता रखते हैं। तिलहन फसल को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग द्वारा यह पहल की जा रही है। इस संबंध में और जानकारी उप संचालक कृषि एवं विकासखण्ड स्तर पर एसएडीओ कार्यालय से ले सकते हैं।

## दो युवकों ने केटरिंग वाले को गर्म तेल की कड़ाही में धकेला, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शादी पार्टी में दोसा ठीक नहीं बनाने के विवाद में दो युवकों ने कैटरर के साथ मारपीट करते हुए उसे गर्म तेल की कड़ाही में धक्का दे दिया। जिससे कैटरर गंभीर रूप से झुलस गया है। उसे इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

सीपत पुलिस के अनुसार, नवागांव बस्तीपारा मचखंडा निवासी रामायण धीवर पिता रामकुमार धीवर कैटरिंग का काम करते हैं। ठेकेदार भरत रजक ने खोहनिया उच्चभठ्ठी निवासी गोवर्धन यादव के घर शादी कार्यक्रम में खाना बनाने का आर्डर लिया था। भरत रजक के साथ रामयण धीवर, अमन केंवट, चंद्रप्रकाश धीवर, विकास रजक व अन्य लोग शादी घर में खाना बना रहे थे। इसी दौरान जितेन्द्र यादव, राम कुमार यादव आए और दोसा अच्छा नहीं बना रहे हो कहते हुए भरत रजक के साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। फिर दोनों शांत होकर चले गए। उसके बाद भरत रजक, विकास रजक, चंद्रप्रकाश धीवर पुरी बना रहे थे। इसी दौरान फिर जितेन्द्र यादव, रामकुमार यादव आए और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए भरत रजक को गर्म तेल की कड़ाही में धक्का देकर गिरा दिया। गर्म तेल से उनका पेट, कमर, दोनों हाथ, चेहरा जल गया, जिससे शादी घर में हड़कंप मच गया।



- शादी पार्टी में दोसा ठीक नहीं बनाने पर बढ़ा विवाद, निजी अस्पताल में घायल भती

आनन फानन में गंभीर रूप से झुलसे भरत रजक को इलाज के लिए सीमत अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी स्थिति को देखते हुए तत्काल रिफर कर दिया गया। परिजन के द्वारा उन्हें बिलासपुर बीटीआरसी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने रामायण धीवर की रिपोर्ट पर जितेन्द्र यादव, रामकुमार यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 118, 1, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# निगम के सीई व ईई का परिवार बचा, श्रीनगर में फंसे

## ट्रेनिंग के साथ श्रीनगर घूमने गए हैं 6 सदस्य


- पहलगाम में जहां आतंकी वारदात हुई वहां एक दिन पहले ही घूमकर आए थे
- फिलहाल होटल में सुरक्षित हैं दोनों परिवार, 25 अप्रैल को फ्लाइट से लौटेंगे

अलग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम बिलासपुर के चीफ इंजीनियर राजकुमार मिश्रा सीवरेज की ट्रेनिंग के लिए श्रीनगर गए हैं। उनके साथ निगम के कार्यपालन अभियंता एसपी साहू भी हैं। दोनों का परिवार भी साथ हैं। कुल 6 सदस्य मंगलवार को पहलगाम टूरिस्ट पैलेस में हुए आतंकवादी घटना में बाल- बचे हैं। पहलगाम में जिस जगह पर यह आतंकी वारदात हुई वहां पर दोनों परिवार एक दिन पहले ही घूमकर आए थे। फिलहाल 6 सदस्यों का दोनों परिवार श्रीनगर में फंसा है।

दरअसल घटना के बाद से पूरे घाटी क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है। कर्फ्यू लगा दिया गया है। लोगों का घरों से बाहर निकलना बंद हैं तो व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं है। बड़ी संख्या में जम्मू कश्मीर पहुंचे सैलानी भी फंसे हैं जो कि जल्दी से घर पहुंचना चाहते हैं लेकिन फ्लाइट कम है और उड़ानों की संख्या भी कम है।



### सारी दुकानें बंद हो गई, कर्फ्यू लग गया

उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने जब पर्यटकों पर हमला किया, तब चारों तरफ अफरातफरी मच गई। इस दौरान पहले यह अफवाह फैली कि सेना के जवान ने किसी स्थानीय को गोली मार दी है। इसके बाद वहां सारी दुकानें बंद हो गई और कर्फ्यू लग गया। श्री मिश्रा ने बताया कि जहां हमला हुआ वहां जाने की तैयारी थी। वह दुर्गम और पहाड़ी रास्ता से होकर जाता है लेकिन, हमले की खबर मिलते ही सेना के जवानों ने पर्यटकों को रोक दिया। पर्यटक सुरक्षित होटलों में पहुंचने की कोशिश करते रहे। वहीं, सेना के जवानों की हलचल बढ़ गई। श्री मिश्रा ने बताया कि होटल में हमारी मदद की गई। हमें सुरक्षित ठहराया गया। श्री मिश्रा ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले के बाद सभी टूरिस्टों को रोक दिया गया है।

### पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 30 जून तक

**बिलासपुर।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 में पदम विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री पुरस्कार प्रदान करने के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्य एवं पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं। नामांकन प्रस्ताव उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि 30 जून है। पद्म पुरस्कार देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा कला, साहित्य और शिक्षा, खेल चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों एवं सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

23 korba-pg3_Layout 1 4/23/2025 11:23 PM Page 1



## पंजीयन को लेकर लोगों में नहीं दिख रही रुचि

# दीपका में श्रम अन्न योजना के तहत रोज पहुंच रहे सैकड़ों लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शासन की श्रम अन्न योजना के अंतर्गत कोरबा जिले के दीपका क्षेत्र में भी दाल भात सेंटर की शुरुआत की गई है। इस योजना का शुभारंभ हाल ही में श्रममंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा किया गया था। दीपका के पौनी पसारी पेट्रोल पंप के पीछे स्थापित इस सेंटर में प्रतिदिन लगभग सैकड़ों श्रमिक और जरूरतमंद लोग मात्र 25 में स्वादिष्ट और पौष्टिक दाल-भात का लाभ ले रहे हैं।


भोजन करते हुए।

यह सेवा श्रमिकों के लिए बेहद सहायक साबित हो रही है, लेकिन श्रम विभाग पंजीयन की कमी को लेकर चिंतित है। विभाग का कहना है कि लोग इस योजना में पंजीयन करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जिससे वास्तविक लाभार्थियों का आंकड़ा तैयार करने में दिक्कत आ रही है। श्रम विभाग ने अपील की है कि श्रमिक अपना पंजीयन जरूर कराएं ताकि योजना का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचे। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक और मोबाइल नंबर की आवश्यकता होती है और यह सुविधा दाल भात सेंटर पर ही उपलब्ध है। विभाग का प्रयास है कि अधिक से अधिक श्रमिक इस योजना से जुड़े और इसका पूरा लाभ उठाएं।



## पंचायत की मांग पर दो स्थानों पर लगाया गया प्याऊ घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम पंचायत हरदीबाजार के द्वारा एसईसीएल दीपका कोयला खदान से प्रभावित ग्राम होने और अपने जनदायित्वों का निर्वाह करने पंचायत ने 11 मार्च को अपने मांग पत्र में गांव के सभी तालाबों को पानी से भरने,सभी वार्डों में जलापूर्ति करने टेंकर की संख्या बढ़ाने, चौक चौराहों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, आमबाजार में नाली व शेड निर्माण की मांग, मुक्तिधाम में शेड निर्माण, सड़क में पानी छिड़काव, सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाने संबंधित मांग की गई है। जिसमें से सड़क में पानी छिड़काव, सड़क से डस्ट सफाई मशीन और अब दो प्याऊ घर खोल कर दीपका एसईसीएल प्रबंधन ने अपने जिम्मेदारी का निर्वाह किया है। प्याऊ घर की देखरेख ग्राम पंचायत हरदीबाजार द्वारा कि जाएगी। यह प्याऊ घर भीषण गर्मी में राहगिरो की प्यास बुझाने के लिए कालेज चौक और रेंकी चौक में खोला गया है, जहां 6-6 मटके रखे गये है। इस दौरान सरपंच लोकेश्वर कंवर, उपसरपंच रेखा रामू जायसवाल, एसईसीएल के राजस्व अधिकारी रौशन मेश्राम, इंद्रभूषण सिंह ,प्रियंका जायसवाल, श्याम रात्रे, नंदनी राठौर, ममता ओग्रे,चंद्रकला, मनमोहन खांडे,भानुप्रताप कंवर, राजेन्द्र जगत, राजेश जायसवाल, मेक मिलन ओढ़े सहित अन्य पंच व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### संत सेन जयंती के अवसर पर सेलून दुकान रहेंगी बंद

**कोरबा।** श्रीवास (नाई) सामाजिक कल्याण समिती के तत्वाधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष 25 अप्रेल को संत सेन जंयती हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्रीमति संजू देवी राजपूत, विशिष्ट अतिथि सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास सहित जिले के समस्त स्वाजातियों अपील की गई है कि इस अवसर पर एक दिन के लिए जिले के समस्त सेलून दूकान बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

### लाईन इंस्पेक्टर को गाली देने वाली सहायक अभियंता के खिलाफ जांच शुरू

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ कोरबा ने पोडीमार जोन में पदस्थ लाइन इंस्पेक्टर चक्रधर कंवर को फोन पर गंदी एवं भद्दी गालियां देने के विरोध में सहायक अभियंता श्रीमती माधुरी पटेल के विरुद्ध ज्ञापन पश्चात शिकायत पत्र सौंपा था। इसी प्रकार संगठन के पदाधिकारियों द्वारा कार्यपालक निदेशक बिलासपुर को भी पत्र सौंपकर कंपनी नियमानुसार उचित कार्यवाही की मांग की थी, जिसके परिणामस्वरूप सहायक अभियंता का स्थानांतरण पेंड्रा कर दिया गया। कोरबा वृत्त के सचिव एवं प्रदेश मंत्री यशवन्त राठौर ने कहा कि संगठन के लगातार दबाव के बाद संबंधित सहायक अभियंता के खिलाफ उचित कार्यवाही के लिए जांच कमिटी बनाकर जांच की प्रकिया प्रारंभ कर दी गई है। अब देखना है कि पीड़ित, सहयोगी एवं संगठन के पदाधिकारियों के बयान के बाद न्यायसंगत निर्णय कब तक आता है। इस प्रकार का कृत्य कर्मचारी द्वारा किए जाने पर बिना जांच किए निलंबित कर दिया जाता है, जबकि इस प्रकरण में संपूर्ण साक्ष्य के रूप में वायरल आडियो रिकार्डिंग भी उपलब्ध है।

### सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी में खिलाड़ियों का स्वास्थ्य परीक्षण



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी डीडीएम रोड में किकबॉक्सिंग खिलाड़ियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने कहा कि एकेडमी में किकबॉक्सिंग, मार्शल आर्ट खेल, आत्मरक्षा, जनरल फिटनेस प्रशिक्षण के साथ समय-समय पर खिलाडिय़ों के शारीरिक, बौद्धिक एवं नैतिक विकास हेतु विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाता है। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के आग्रह पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा खिलाडिय़ों के हित में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग बालक बालिका खिलाडिय़ों का चेक उप डा राजेश जायसवाल एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया। इसके लिए एसोसिएशन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.केएन केसरी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक राज, डॉ.राजेश जायसवाल एवं उनकी टीम को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एकेडमी की संचालिका प्रीती मिश्रा, प्रशिक्षकगण जुनैद आलम, अंकुश लाल यादव, प्रभात साहू, अशोक साहू, लोकिता चौहान, रमेश साहू, शुभम यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## किसानों को केसीसी ऋण एवं केसीसी कार्ड का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसमा




अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर शाखा के अधीनस्थ समिति आदिवासी सेवा सहकारी समिति भैसमा एवं तिलकेजा में नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एसके जोशी के कुशल मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षक मोहम्मद जमाल खान की उपस्थिति में बुधवार को समिति कार्यालय भैसमा मे कुल 25 किसानों को केसीसी नगद ऋण 30 लाख रुपए का ऋण आवेदन बनाया गया। 10 किसानों को केसीसी कार्ड जारी किया गया। समिति में उपस्थित किसानों को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की भूमिका उद्देश्य जिसमें सहकारी समितियां एक बेहतर दुनिया का निर्माण करती है एवं सहकार से समृद्धि के बारे में उपस्थित किसानों को समिति प्रबंधक तुलेश्वर कौशिक एवं पर्यवेक्षक मोहम्मद जमाल खान द्वारा विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम में समिति के कर्मचारी गोवर्धन पटवा, सुश्री सर्वमंगला तंवर, भाव सिंह कंवर, उदय सिंह कंवर, गणेश कंवर समिति क्षेत्र के लगभग 35 किसान उपस्थित रहे इसी प्रकार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति तिलकेजा में भी उपस्थित किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किया गया। जहां समिति के कर्मचारी दुलीचंद धीवर, दिनेश पटेल एवं समिति में उपस्थित किसान सम्मिलित रहे।

## दिल्ली में आयोजित वन नेशन वन इलेक्शन समिट कार्यक्रम में शामिल हुए अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नई दिल्ली स्थित डॉ.अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 23 अप्रैल को आयोजित होने जा रहे स्टूडेंट्स फार वन नेशन वन इलेक्शन समिटी मे देश भर के प्रमुख विश्वविद्यालयों के छात्र नेताओ का का जमवाड़ा हुआ। इस समिट में 35 वर्ष के कम उम्र के युवा नेता हिस्सा लिए। छत्तीसगढ़ से कुल 12 सदस्यों की प्रतिनिधि मंडल इस समिट में भाग लिया इनमें जिले के अजय कंवर पूर्व उपाध्यक्ष अटल बिहारी बाजपेयी विश्वाविद्यालय बिलासपुर से शामिल हुए। इस समिटी मे देश के केंद्रीय मंत्री वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर अपने विचार प्रस्ताव सुझाव प्रस्तुत किया और


अजय कंवर।

वन नेशन वन इलेक्शन को भारत की वर्तमान समय की मांग बताया जिससे देश के साधन संसाधन व समय की बचत होगी तथा ड्यूटी में तैनात कर्मचारी व जवानों को भी एक बार मे चुनाव निपटने से भार कम होगा। गौरतलब है की अजय कंवर की पत्नी वर्तमान में जिला पंचायत की सदस्य है और वन विभाग की सभापति हैं। अजय कंवर विद्यार्थी परिषद मे जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक जिम्मेदारी निभा चुके हैं। बस्तर में संगठन मंत्री रह चुके हैं वे भैसमा कालेज में छात्र संघ अध्यक्ष सचिव जैसे पद पर रह चुके हैं जिनका फायदा अभी के चुनाव में उन्हें मिला वर्तमान में अजय कंवर अभी प्रदेश निति अनुसन्धान के दल सह नायक है।

## उत्कृष्ट योगदान के लिए वाजपेयी पीआरएसआई पुरस्कार से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) रायपुर चैप्टर द्वारा राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालको के जनसंपर्क अधिकारी विजय वाजपेयी को रामशंकर अग्निहोत्री स्मृति जनसंपर्क पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनसंपर्क और मीडिया क्षेत्र से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र और सम्मान प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर जनसंपर्क दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पुरस्कृत पीआर पेशेवरों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बालको की पीआर हेड सुश्री सुची मिश्रा ने कहा कि हमें आधुनिक तकनीकियों का उपयोग करते हुए सत्य और वस्तुनिष्ठ जानकारी जनता तक पहुंचानी चाहिए। समारोह में पीआरएसआई रायपुर के सचिव डॉ. कुमार सिंह तोप्पा, कोषाध्यक्ष डॉ. दानेश्वरी संभाकर, अडानी ग्रुप के वाईस प्रेसिडेंट डॉ. प्रतीक पाण्डे, उप संचालक जनसंपर्क नसीम अहमद खान एवं सौरभ शर्मा तथा डॉ. कीर्ति सिसोदिया संपादक, मुकेश एस सिंह वरिष्ठ पत्रकार, सत्येश भट्ट जनसंपर्क अधिकारी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सांसद के नेतृत्व में जनता को देंगे बेहतर स्वास्थ्य सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत, युवा नेता सूरज महंत के नेतृत्व में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए उनकी टीम एक कड़ी के रूप में कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का प्रयास करेंगे।

उक्त बातें सांसद प्रतिनिधि किरण चौरसिया ने बुधवार को स्व बिसाहूदास महंत चिकित्सालय का जायजा लेने व फल वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। गौरतलब है कि श्री चौरसिया को सांसद ज्योत्सना महंत ने स्वास्थ्य विभाग व स्व बिसाहूदास महंत मेडिकल कालेज के लिए सांसद प्रतिनिधि बनाया है। इसी परिपेक्ष्य में आज सांसद प्रतिनिधि किरण चौरसिया मेडीकल अस्पताल पहुँचकर डीन डॉ के के सहारे, अस्पताल अधीक्षक डॉ गोपाल गोपाल कंवर, उप अधीक्षक डॉ रविकांत जाटवर से मिलकर स्वास्थ्य सेवाएं के संबंध में जानकारी ली। सांसद प्रतिनिधि किरण चौरसिया ने बताया की सांसद ज्योत्सना महंत के मार्गदर्शन में स्व बिसाहूदास महंत मेडिकल कालेज व चिकित्सालय की सेवाओं का विस्तार कर बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। पूर्व के 100 बेड का अस्पताल की सुविधा मेडीकल कालेज बनने के बाद बहुत अच्छी हो गई है। केंद्र व राज्य सरकार तथा सभी जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर अजीत वसंत, डीन डॉ सहारे, डॉ गोपाल कंवर, डॉ जाटवर के नेतृत्व में सभी चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, अधीनस्थ कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में अपनी अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे है। इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष श्याम सलाम, विकास पीटर, कलमेश्वर जायसवाल, कमल किशोर, मणि वर्मा सहित समर्थक उपस्थित रहे।

**खास बात**

- सांसद प्रतिनिधि पहुंचे स्व बिसाहूदास महंत चिकित्सालय


मरीजों को फल वितरण करते सांसद प्रतिनिधि किरण चौरसिया एवं अन्य।

### सीएमएचओ से मिले चौरसिया, स्वास्थ्य सुविधा का जाना हाल

मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस एन केशरी से मिलकर सांसद प्रतिनिधि किरण चौरसिया जिले के ग्रामीण क्षेत्र में चल रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डॉ केशरी ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही है। सांसद प्रतिनिधि श्री चौरसिया ने कहा कि सभी के सहयोग व प्रयास से जलि के स्वास्थ्य सेवाओ का लाभ जनता को दिया जा रहा है। इसमे कही कोई कमी व चूक हो रही हों तो सकारात्मक तरीके स्व इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। तत्पश्चात इस समस्या को, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत व सांसद ज्योत्सना महंत के समक्ष रखकर निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

पृष्ठ 1 का शेष

### मोटर सायकल के...

गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने पर डकैती में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें (हीरो स्प्लेंडर एवं होंडा साइन) तथा डकैती कारित कर लूटी मोटर साइकिल एवं मोबाइल फोन बरामद कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में लिया गया। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि इन आरोपियों के खिलाफ पूर्व से भी अपराध पंजीबद्ध है। फरार आरोपी प्रिंस पोर्ते के घर से एक पैशन प्रो मोटरसायकल (सीजी 04 एचएम 5619) एवं एक हीरो होंडा मोटरसायकल (सीजी 12 बीआर 2162) बरामद की गई, जो क्रमशः बालको थाना एवं बाकीमोगरा थाना में दर्ज चोरी के मामलों से संबंधित है।

## जनसंपर्क में उत्कृष्ट योगदान के लिए अधिकारियों का सम्मान

**कोरबा।** पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया रायपुर चैप्टर द्वारा राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर बालको के जनसंपर्क अधिकारी विजय वाजपेयी को रामशंकर अग्निहोत्री स्मृति जनसंपर्क पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनसंपर्क और मीडिया क्षेत्र से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र और सम्मान प्रदान किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बालको की पीआर हेड सुश्री सुची मिश्रा ने कहा कि हमें आधुनिक तकनीकियों का उपयोग करते हुए सत्य और वस्तुनिष्ठ जानकारी जनता तक पहुँचानी चाहिए। पीआर में सच्चाई और वास्तविकता बहुत आवश्यक हैं। जब हम तथ्यों पर आधारित कार्य करते हैं तो कठिनाइयाँ स्वतः दूर हो जाती हैं।



उन्होंने यह भी कहा कि आज के दौर में तकनीक की गहरी समझ और नवीनतम ट्रेंड्स से अपडेट रहना हर जनसंपर्क अधिकारी के लिए जरूरी है। सूचना में सत्यता और रिपोर्टिंग यथासंभव तथ्यात्मक होनी चाहिए। पीआरएसआई रायपुर के चेयरमेन डॉ. शाहिद अली ने जनसंपर्क सोसाइटी के विभिन्न आयोजनों और पुरस्कृत व्यक्तियों के बारे में जानकारी दी।

## कोरबा मार्केट







## डीएवी खरमोरा में याद किए गए डीएवी के संस्थापक महात्मा हंसराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में स्वामी दयानंद सरस्वती के अनुयायी एवं डीएवी स्कूल के संस्थापक महात्मा हंसराज का 161वां जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर महात्मा हंसराज के जयंती के उपलक्ष्य में स्कूल प्रबंधन द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया तो वही स्कूल के प्राचार्य हेमन्तो मुखर्जी ने स्वामी हंसराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य मुखर्जी ने कहा कि महात्मा हंसराज ने डीएवी स्कूल के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है साथ ही उन्होंने हंसराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने गुरुदत्त विद्यार्थी के साथ मिलकर 1 जून 1986 को लाहौर में दयानंद एंग्लो वैदिक स्कूल सिस्टम डीएवी की स्थापना की, जहां दयानंद की याद में पहला डीएवी स्कूल स्थापित किया गया था। वे स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय के हम वतन भी थे। महात्मा हंसराज ने 25 वर्षों तक डीएवी कॉलेज के अवैतनिक प्रिंसिपल के रूप में कार्य किया और अपना शेष जीवन समाज सेवा में समर्पित कर दिया। कई दयानंद एंग्लो वैदिक शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए। आज यही वजह है कि डीएवी देश में एक हजार से अधिक कॉलेज स्कूल व्यावसायिक और तकनीकी संस्थाएं संचालित हो रही है। इस अवसर पर अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं व स्कूली बच्चों द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।






## खबर संक्षेप

### पुणे में आयोजित साइंस की कार्यशाला में शामिल होंगे जिले के विद्यार्थी

**कोरबा।** पीएमश्री अंतर्गत स्टेम शिक्षकों की क्षमता निर्माण कार्यशाला उच्च शिक्षण संस्थान के साथ मिलकर साइंस व टेक्नोलॉजी में दक्ष करने आईसर पुणे में 26 अप्रैल से आयोजित की जा रही है, जो समग्र शिक्षा व राज्य परियोजना छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित है। पीएम श्री के राज्य समन्वयक आशीष गौतम के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल को उक्त प्रशिक्षण के लिये पुणे रवाना होगी। इस प्रशिक्षण में साइंस व टेक्नोलॉजी के विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा व क्रियाकलाप संपादित होंगे। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले व्याख्याताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा।

### स्वामी भजनानंद वनवासी आश्रम केंदई में बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु



**कोरबा।** स्वामी भजनानंद वनवासी आश्रम केंदई में तीसरे दिन बड़ी संख्या में वनवासी ग्रामीण उपस्थित थे। सबने यह संकल्प लिया कि नित्य रामायण पाठ एवं हनुमान चालीसा करेंगे, रामायण, हनुमान चालीसा हमारे सभी समस्या का हल है। हर हिन्दू के घर में यह होना चाहिए, तिलक जरुर लगाना चाहिए, इससे लाभ होता है, लक्ष्मी तिसटथी सर्वदा, मनुष्य को अपने जीवन में कुछ संकल्प जरूर लेना चाहिए। आश्रम में निरंतर ऐसे आयोजन होता रहता है, गुरु मां साध्वी गिरिजेस नंदिनी ने कहा जभी सत्संग हो सब काम छोड़कर कर लाभ लेना चाहिए।

### अधूरे सड़क निर्माण से आवाजाही में हो रही परेशानी



**हरदीबाजार।** लगभग चार माह से पेट्रोल पंप सराईसिंगार के पास जहां कांक्रीट सड़क निर्माण कराया जा रहा था उसे अधूरा ही छोड़ दिया गया है। इस मार्ग से गेवरा-दीपका कोयला खदान से हजारों की संख्या में कोयला लोड भारी वाहनों सहित यात्री बसें, चारपहिया वाहन सहित बाईक चालकों की आवाजाही करते और सबसे बड़ी समस्या वहीं पास में ही पेट्रोल पंप है इससे लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। छोटे लाल पटेल, राजू मात्रे स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क ठेकेदार के ऊपर कार्यवाही करना चाहिए, विगत चार माह से सौ मीटर सड़क को तीन पार्ट बनाकर अधूरा छोड दिया है।

### ग्राम पंचायत पाली में माध्यमिक स्कूल भवन नहीं, जर्जर भवन में हो रही पढ़ाई

**कोरबा।** पौड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत पाली में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली एक गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। कोरबा मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित इस पंचायत में पिछले 15 वर्षों से एक भी माध्यमिक शाला की स्थापना नहीं हो सकी है। इस कारण ग्रामीण छात्र-छात्राओं को एक पुराने, जर्जर भवन में शिक्षा प्राप्त करनी पड़ रही है, जिससे उनकी सुरक्षा और भविष्य दोनों खतरे में हैं, ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच शुमार मरकाम ने बताया कि स्थानीय स्तर पर कई बार उच्च शिक्षा विभाग को माध्यमिक विद्यालय की मांग की गई, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की यह उदासीनता बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों की मांग है, कि सरकार जल्द से जल्द यहां एक माध्यमिक विद्यालय की स्थापना करे, ताकि बच्चों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

यह मुद्दा क्षेत्रीय विकास और सामाजिक समावेशिता से भी जुड़ा है, जिसे अब और अनदेखा नहीं किया जा सकता।

### पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जब्त ट्रक को कर रहे राजसात

**जांजगीर-चांपा।** पशु क्रूरता अधिनियम के तहत पीथमपुर मेन रोड के पास जब्त किए गए ट्रक को राजसात करने की कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है।



इस संबंध में सूचना भी जारी की गई है। जांजगीर थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि थाना जांजगीर के अपराध क्रमांक 698/2023 धारा छग पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत ट्रक क्रमांक सीजी 15 डी 9955 को जब्त किया गया था। उक्त वाहन में मवेशियों को ठूंस ठूंस करके भरा गया था और उसके पलटने से 8 भैसा व 2 भैंसी की मौके पर मौत हो गई थी। वाहन में कुल 27 मवेशी ठूंस ठूंस कर भरे गए थे। इस मामले में जब्त वाहन को राजसात करने की कार्रवाई न्यायालय कलेक्टर द्वारा की जा रही है। इसके लिए वाहन मालिक शुनेश्वर यादव को सूचना पत्र जारी करके 25 अप्रैल 2025 को 3 बजे तक उपस्थित होने कहा गया है।

जिले के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठान व नगर सेना के पास आग को बुझाने के लिए 23 फायर ब्रिगेड की टीम कर रही है काम

# हर दूसरे दिन लग रही आग, बुझाने दौड़ पड़ती है फायर ब्रिगेड की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रिस्दी रोड स्थित नगर सेना कार्यालय परिसर में खड़ी फायरब्रिगेड की गाड़ी।



बालको थाना में धू धू जलती कार।

जैसे-जैसे सूर्य की तपिश तेज होती जा रही है वैसे-वैसे आसमान से आग बरसने लगे हैं। जिले में हालत ऐसी हो गई है कि अब खड़ी गाड़ियों में भी आग लगने लगी है तो वहीं दूसरी ओर जिले के कई स्थानों में लगातार आगजनी की घटना सामने आ रही है। पिछले 4 महीने के दौरान जिले में 88 स्थानों आगजनी की घटना सामने आ चुकी है। हालांकि आगजनी को रोकने के लिए नगर सेना की टीम ने पूरे दमखम के साथ आग को काबू करने में दमदारी दिखाई है। जिसके चलते कई बड़ी घटनाएं समय रहते रोक लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिकनगरी कोरबा में जिले की जनसंख्या लगभग 15 लाख के आसपास है। अप्रैल के महीने में तापमान 43 डिग्री के आसपास जा पहुंचा है। लगातार लू के थपेड़े चल रहे हैं और आसमान से आग बरस रहे हैं। जरा सी लापरवाही से आगजनी की घटना सामने आ रही है और लोगों के दुकान मकान भी जल रहे हैं। हालांकि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जिले के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठान नगर सेना की टीम सहित अन्य फायर ब्रिगेड टीम लगातार सूचना मिलते ही ऐसे स्थान में पहुंचकर आगजनी की घटना रोकने के लिए भरपूर प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि जनवरी महीने से अब तक जिले में आगजनी की 88 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन सभी स्थानों में सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर आग को काबू करने का प्रयास किया है और बड़ी-बड़ी घटनाओं को रोकने में सफलता भी हासिल की है। निश्चित तौर पर नगर सेना की टीम को दो नए फायर ब्रिगेड भी जिला प्रशासन ने उपलब्ध कराया है। जिससे फायर ब्रिगेड की ताकत भी बढ़ी है। पूर्व में नगर सेना के पास फायर ब्रिगेड की दो ही बड़ी गाड़ियां थी लेकिन अब मौजूदा स्थिति में नगर सेना के पास आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए स्वयं के पास 4 बड़ी हाईटेक गाड़ियां उपलब्ध हो गई है। जिससे इस आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए काफी हद तक विभाग को सफलता मिलेगी। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक जिला औद्योगिक नगरी होने की वजह से उनके पास भरपूर संसाधन है और विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के पास जिले में कुल 23 फायर ब्रिगेड की टीम काम कर रही है।

### इस वित्तीय वर्ष में 147 स्थान में हो चुकी है आगजनी

जिला नगर सेना से मिले आंकड़ों के मुताबिक 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच जिले में आगजनी की 147 घटनाएं सामने आयी है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक ज्यादातर आगजनी की घटना शॉर्ट सर्किट की वजह से सामने आती है या फिर लोगों की लापरवाही की वजह से। इसलिए ग्रीष्म ऋतु में लोगों को खासतौर पर बिजली के उपकरणों को लेकर काफी सावधानी बरतने की जरूरत है ताकि इस तरह की आगजनी की घटनाओं को रोका जा सके।

### घनी बस्तियों में होती है सबसे ज्यादा परेशानी

शहर के प्रमुख कॉलोनी को छोड़ दे तो शहर के ज्यादातर स्थानों में घनी बस्तियां हैं। इन स्थानों में आगजनी की घटना होने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंच पाती है और ऐसे में फायर ब्रिगेड की टीम को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है की बस्तियों में लोग कब्जा करने के लिए रास्तों में ही चबूतरा का निर्माण कर लेते हैं या फिर कब्जा कर लेते हैं। जिसके चलते छोटी गाड़ी भी नहीं जा पाती है ऐसे में आगजनी होने पर उसे रोक पाना विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होता है।

### तीन पाली में जवान रहते हैं तैनात

जिला नगर सेना के पास चार फायर ब्रिगेड की बड़ी गाड़ियां उपलब्ध है। इन वाहनों में 24 घंटे जवान तैनात रहते हैं जो तीन अलग-अलग पालियों में ड्यूटी करते हैं। जिला बल के पास अब फायर ब्रिगेड की पर्याप्त संसाधन है और टीम दिन रात आगजनी को काबू करने के लिए लगातार काम कर रही है।

**-पी बी सिदार,** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना कोरबा

### कहां किसके पास है कितनी फायर ब्रिगेड की गाड़ी

बालको 3, अदानी 2, एनटीपीसी 3, सीएसईबी दर्री 2, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी 2, एचटीपीपी 1, नगर पालिका कटघोरा 1, नगर पालिका दीपका 1, मानिकपुर 1, एसईसीएल कुसमुंडा 2, बांधाखार पावर प्लांट 1, नगर सेना 4 कुल 23 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां कोरबा जिले में हैं।

# जिपं की सामान्य सभा में उठा खनिज और आत्मानंद स्कूल का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत में दूसरी बार आयोजित हुई सामान्य सभा में खनिज विभाग और आत्मानंद स्कूल का मुद्दा प्रमुखता से उठा। बैठक में पीएम आवास निर्माण के लिए रेत की आवश्यकता तथा आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती नहीं होने एवं अस्थायी प्राचार्य के भरोसे स्कूल के संचालन पर सवालिया निशान खड़ा किए गए। सदस्यों के द्वारा मांगी जानकारी सदन में उपस्थित अधिकारी भी स्पष्ट रुप से नहीं दे पा रहे थे।

जिला पंचायत में सामान्य सभा एवं सभी समितियों के गठन के बाद दूसरी बार सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई थी। पहली बैठक जहां परिचात्मक नजर आई थी तो वहीं बुधवार को दूसरी बार हुई बैठक में सदस्यों के तेवर कुछ तीखे नजर आये। सामान्य सभा की कार्यवाही शुरु होते ही सदन में बैठक व्यवस्था और माइक की सुविधा को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह ने सीधे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया। उन्होंने यहां तक कहा कि बैठक व्यवस्था और माइक की सुविधा जिला पंचायत के सभा कक्ष में व्यवस्थित नहीं हो सकेगी तो सामान्य सभा की बैठक कहीं और लेना पड़ेगा। अध्यक्ष के इन बातों का सदन में उपस्थित सदस्यों ने एकमतेन होकर समर्थन करते हुए कहा कि लापरवाही नहीं चलेगी, जिला पंचायत सदस्य रज्जाक अली जो जानकारी मांग रहे थे तो अधिकारी कहीं और की जानकारी दे रहे थे। इससे भी सदन के सदस्य नाराज नजर आये।

#### खास बातें

- बैठक व्यवस्था पर अध्यक्ष सहित सदस्यों ने जताई नाराजगी
- आधी अधूरी जानकारी के साथ पहुंचे थे अधिकारी



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

### विनोद ने कहा ऐसा गांव बताइए जहां जेजेएम का पानी चल रहा हो

सामान्य सभा की कार्यवाही के दौरान क्षेत्र क्रमांक 6 से निर्वाचित होकर आये जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव ने पीएचई के अधिकरियों से कहा कि उन्हें ऐसा गांव बताइए जहां जल जीवन मिशन का पानी ग्रामीणों को मिल रहा हो। इस पर विभागीय अधिकारियों ने श्री यादव के गृहग्राम पाली पड़नियां की जानकारी देकर बताया कि वहां सभी घरों में जल जीवन का पानी पहुंच रहा है। इस जिला पंचायत सदस्य श्री यादव ने कहा कि वो पाली पड़नियां के ही रहने वाले हैं और उनका ही गांव है और वहां पानी मिलन नहीं रहा और आप कह रहे हैं घर घर में पानी पहुंच रहा है। इस पर सदन में हसी का माहौल बन गया।

### रज्जाक ने करतला, नोनबिर्रा की मांगी जानकारी

जिला पंचायत सदस्य रज्जाक अली ने करतला नोनबिर्रा में वन विभाग के विश्राम गृह में अवैवधानिक गतिविधियों को लेकर सवाल उठाया तो सदर में उपस्थित वन विभाग के अधिकारियों ने पाली नोनबिर्रा की जानकारी देते हुए कहा कि वहां वन विभाग का कोई भी विश्राम गृह नहीं है। अधिकारियों के जवाब सुनते ही रज्जाक अली ने कहा कि वह जानकारी मांग रहे हैं करतला, नोनबिर्रा की और जानकारी दी जा रही है पाली नोनबिर्रा की। रज्जाक ने कहा अधिकारी उन्हें गुमराह न करें।

### दस साल बाद प्रशांत की एंट्री

जिला पंचायत की सामान्य सभा में सांसद प्रतिनिधि के बतौर लगभग 10 साल बाद जिला पंचायत की बैठक में शामिल होने पहुंचे प्रशांत मिश्रा ने स्वामी आत्मानंद स्कूल और खनिज विभाग का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में शिक्षक नहीं है यहां तक की स्थायी प्राचार्य नहीं हैं। स्कूल की पढ़ाई व्यवस्था चरमरा गई है। भर्ती नहीं हो रही है इस पर जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय ने कहा कि जल्द ही स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। प्रशांत मिश्रा ने कहा कि कम से कम स्कूल में स्थायी प्राचार्य की सुविधा की जाए। इसके साथ ही श्री मिश्रा ने पीएम आवास के लिए रेत का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने बैठक में उपस्थित खनिज अधिकारी से पूछा कि आवास निर्माण के लिए कितने टैक्टर रेत की छूट है। खनिज अधिकारी ने बताया कि दो टैक्टर ही ले जा सकते हैं। इस पर जिला पंचायत सीईओ ने हस्ताक्षेप करते हुए कलेक्टर के आदेश का हवाला देकर आवास निर्माण के लिए निःशुल्क रेत उपलब्ध कराए जाने की जानकारी विभाग के अधिकारी को दी।

# मरम्मत के लिए अंबेडकर स्टेडियम अस्थायी रूप से रहेगा बंद




बालको की अंबेडकर स्टेडियम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको प्रबंधन द्वारा बालकोनगर में स्थित अंबेडकर स्टेडियम के मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य आरंभ किया जा रहा है। यह कार्य स्टेडियम को और अधिक आकर्षक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाने के लिए किया जा रहा है। मरम्मत कार्य की अनुमानित अवधि फरवरी 2026 तक होगी। इस दौरान स्टेडियम में किसी भी प्रकार की खेलकूद गतिविधियाँ स्थगित रहेंगी। अंबेडकर स्टेडियम, बालकोनगर के खिलाड़ियों के लिए एक प्रमुख अभ्यास स्थल है। बालको प्रबंधन इस स्थल को और बेहतर बनाने के लिए पूर्ण रूप से कटिबद्ध है। कार्य की गुणवत्ता समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवधि में स्टेडियम पूर्णतः बंद रहेगा।

# राहगीरों को पुलिस ने पिलाया पानी और रोपण के लिए बांटे छायादार पौधे




पौधा बांटते पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर ऊर्जानगरी में सामुदायिक पुलिसिंग का असर दिखने लगा है। श्री तिवारी के निर्देश के बाद जिले के सभी थाना चौकियों में प्याऊ खोला जा रहा है। जिससे राहगीरों को तपती गर्मी से राहत मिल सकें। इस कड़ी में बुधवार को सर्वमंगला के समीप प्याऊ का शुभारंभ कर दर्री सीएसपी विमल पाठक ने राहगीरों को पानी पिलाया और छायादार पौधे का वितरण किया।

ज्ञात हो कि इन दिनों दोपहर में आसमान से मानो आग की बारिश हो रही है, धरती तप रही है, सूनी सड़क पल चल रहे राहगीर का गला सूखा है। ऐसे में उसको ठंडा पानी मिल जाए तो यह उसके लिए अमृत से कम नहीं है। इस नेक काम की शुरुआत एसपी सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में शुरू हुआ है। उन्होंने सभी थाना चौकी प्रभारियों को कहा था कि गर्मी का दिन है तो थाना चौकियों में सार्वजनिक प्याऊ होना चाहिए। जिससे राहगीरों को भी पानी मिल सकें। इसी कड़ी में सर्वमंगला चौकी के समीप दर्री सीएसपी विमल पाठक ने प्याऊ घर खोलकर राहगीरों को पानी पिलाया और प्रदेश सरकार की मुहिम एक पेड़ मां के नाम पेड़ लगाने का संदेश देते हुए छायादार पौधे का वितरण किया। इस दौरान कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा, सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी के साथ सर्वमंगला चौकी के स्टाफ उपस्थित थे।

### तैलिक विकास समिति बालको नगर ने मनाया दानवीर भामाशाह जयंती

**बालको।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी तैलिक विकास समिति बालको नगर द्वारा साहू सदन प्रांगण में तैलिक कुल भूषण दानवीर भामाशाह की जयंती मनाया गया। अपने उद्बोधन में तैलिक विकास के अध्यक्ष अमर दास साहू ने दानवीर भामाशाह की दानवीरता के परिप्रेक्ष्य में अपनी बात रखी साथ ही बताया कि आज के जमाने में सौ करोड़ से अधिक संपति दान करने वाले महामना का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है। वही संस्थापक सदस्य मंगल सिंह साहू ने भी दानवीर भामाशाह के जीवन को तैलिक कुल के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर कृष्णा साहू, विजय साहू, शशिकांत साहू, लेखराम साहू, कलेश राम साहू, अमरदास साहू, डिकेश्वर साहू, शशिकांत साहू, टिकेंद साहू, हिमानी साहू, गरिमा साहू, कविता साहू, कृष्णा साहू, धरम सिंग साहू, हीरानंद साहू, सुदामा साहू, अंजनी साहू आदि उपस्थित थे।

# बालको टाउनशिप विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित

**कोरबा।** बालको टाउनशिप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालकों में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रमणि यादव, सचिव रवींद्र यादव, कोषाध्यक्ष महेंद्र चंद्रा, सदस्य राम गोविन्द बरेठ, मनेन्द्र कुर्रे, विमला मार्को, विद्यालय की प्राचार्या नीलम सिंह, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं पालक उपस्थित थे। प्राचार्य ने पालक को संबोधित करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रोत्साहित किया गया। अध्यक्ष के द्वारा बच्चों को निरंतर प्रयास करने एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल बच्चों को पुरस्कार के रूप में वितरित किया गया







